वोट डालने जाना है।
अपना फर्ज निभाना है।।

सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

रांची, सोमवार 06 मई 2024, वर्ष 10, अंक 122 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# आधे घंटे के अंदर कुछ बड़ा होगा भुगतने को तैयार रहो



**संवाददाता,** करीब सवा घंटे तक चले सर्च आपरेशन में सब कुछ सामान्य मिला। इसके बाद पुलिस टीम चली गई। एसीपी ने बताया कि मेट्रो स्टेशन के लिए धमकी आई थी, पर तफ्तीश में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। धमकी देने वाले का पता लगाया जा रहा है। वहीं, मेट्रो पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि किसी ने हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर धमकी दी थी।के हेल्पलाइन नंबर पर रविवार सुबह करीब 10.45 बजे किसी ने फोन कर धमकी दी। उसने कहा कि आधे घंटे के अंदर मेट्रो स्टेशन पर कुछ बड़ा होने वाला है। भुगतने के लिए तैयार रहो। फोन रिसीव करने वाला जब तक कुछ पूछता उसने फोन काट दिया।इसके बाद तो मेट्रो स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। स्टेशन प्रबंधन ने हजरतगंज पुलिस को जानकारी दी तो एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा, इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, एलआइयू और बम स्क्वायड दस्ता मौके पर पहुंचा। यहां संदिग्ध यात्रियों के साथ ही मेट्रो स्टेशन की पटरी के आसपास, शौचालय और अन्य स्थलों का बम स्क्वायड दस्ते ने परीक्षण किया। सीसी फुटेज की रिकार्डिंग देखकर पड़ताल की, पर कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु नहीं दिखी।

## रामनगरी में प्रधानमंत्री मोदी का निकला रोड शो, पीएम के आगमन पर हर्षित हो उठे अयोध्यावासी





**संवाददाता,** अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रविवार को रामनगरी आगमन पर अयोध्यावासी में भारी उत्साह रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को देखने के लिए अयोध्या में लोगों के बीच काफी उत्साह का माहौल देखा गया। उनके कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एजेंसियां काफी सतर्क रहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोड शो के बाद एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा कि अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्री राम जैसा विशाल है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केआने से तीन दिन पहले ही उनका विशेष सुरक्षा दस्ता यहां पहुंच गया था। एसपीजी की देखरेख में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री यहां करीब दो घंटे रहे। शाम साढ़े छह बजे से आठ बजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राममंदिर में दर्शन पूजन और रोड शो का कार्यक्रम रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले रामलला का दर्शन किए और बाद में रोड शो आरंभ किया। सुग्रीव किला से लता चौक तक एक घंटे के रोडशो के बाद वह एयरपोर्ट वापस आए।

कार्यक्रम स्थल श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी का करीब आधे घंटे का समय आरक्षित रहा। प्रधानमंत्री की अगुवानी के बाद उनके साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## रांची पुलिस लाइन में छह मई तक स्कूल बसों को जमा करने के निर्देश



**रांची।** 2024 का लोकसभा चुनाव में गाड़ियों की जरूरतों को देखते हुए रांची जिला प्रशासन तैयारियों में लग गया है। रांची जिले के अंतर्गत संचालित सभी बस संचालकों (स्कूल बस) को कहा गया है कि छह मई की रात आठ बजे तक गाड़ियों को पुलिस लाइन, रांची में जमा कर दें। रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची ने कहा कि पांच मई को सुबह 10 बजे से छह मई की शाम तक गाड़ियों को जमा कर देना है।

परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी बाधा के बगैर ससमय चुनाव कार्य पूरा कराना अनिवार्य है। ऐसे में वाहनों का अधिग्रहण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत किया गया है। वाहन जमा करने के आदेश की लापरवाही चुनाव अपराध के तौर पर लिया जाएगा। निर्धारित प्रावधान के तहत एक वर्ष की सजा या अर्थदण्ड या दोनों के साथ-साथ वाहन मालिकों के खिलाफ एफआईआर भी हो सकता है। संबंधित वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है। ऐसे में निर्धारित तिथि तक गाड़ियों को जमा करा दिया जाए।

## एचडी देवेगौड़ा का बेटा और सांसद पोता सेक्स स्कैंडल में फंसे




पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न और पीछा करने का सनसनीखेज आरोप लगा है। दोनों पर एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। FIR दर्ज होने के बाद सीएम सिद्धरमैया ने जांच के आदेश दिए हैं। उनके घर काम कर चुकी एक कुक ने इस मामले में कर्नाटक के हासन के होलेनरासीपुर थाने में केस दर्ज कराया है। कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसके बाद उपजे भारी विवाद के बीच पुलिस ने आज यह जानकारी दी। प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी के लिए भी रवाना हो गए हैं। कहा जा रहा है कि आरोप लगाने वाली महिला उनके घर काम कर चुकी एक कुक है। महिला ने बताया कि वो रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार है।महिला ने आरोप लगाया कि उनके घर काम शुरू करने के चार महीने बाद से ही देवेगौड़ा के बेटे पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना ने उसका यौन उत्पीड़न करना शुरू कर दिया था। साथ ही उनका बेटा प्रज्वल रेवन्ना उसकी बेटी को वीडियो कॉल करके उसके साथ अश्लील बातें करता था। साथ ही पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी एचडी रेवन्ना की पत्नी घर से बाहर जाती, तो वे महिलाओं को स्टोर रूम में बुलाते और उन्हें गलत तरीके से छूते थे। इतना ही नहीं साड़ी की पिन हटा कर वह यौन उत्पीड़न भी किया करते थे। महिला कुक ने दावा किया कि प्रज्वल ने उसकी बेटी के साथ छेड़खानी करने की कोशिश की। इसके बाद उसकी बेटी ने प्रज्वल का नंबर ब्लॉक कर दिया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने IPC की धारा 354A, 354D, 506 और 509 के तहत केस दर्ज कर लिया है। सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर आरोप है कि उन्होंने कई महिलाओं का यौन शोषण किया और उन सभी का अश्लील वीडियो भी बनाया। इनमें से कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहे हैं।

CM सिद्धरमैया ने दिए SIT जांच के आदेशकर्नाटक की सिद्धरमैया सरकार ने इस पूरे मामले की SIT जांच के आदेश दिए हैं। SIT गठित करने का निर्णय राज्य महिला आयोग की ओर से सिद्धारमैया सरकार को कार्रवाई करने की सिफारिश के बाद आया। सीएम सिद्धरमैया ने कहा कि हसन जिले में अश्लील वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है।

प्रज्वल रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के उम्मीदवार थे, जहां 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान हुआ था। जनता दल (सेक्युलर), या JDS पिछले साल सितंबर में एनडीए में शामिल हो गए थे।

प्रज्वल रेवन्ना के कथित सेक्स टेप को लेकर उठे विवाद के बीच BJP ने उनसे दूरी बना ली है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एस प्रकाश ने कहा कि एक पार्टी के रूप में हमारा वीडियो से कोई लेना-देना नहीं है और न ही हमें प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल में राज्य सरकार की ओर से की जा रही SIT जांच पर कोई टिप्पणी करनी है।

## फोन से ही फ्री में 24 घंटे में बन जाएगा आयुष्मान कार्ड




**नई दिल्ली।** देश में करीब 40 करोड लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है। यदि आपके पास भी आयुष्मान कार्ड है तो संबंधित अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का इलाज करा सकते हैं। बढती महंगाई और मेडिकल खर्चों के बीच आयुष्मान कार्ड किसी बडे हथियार से कम नहीं है, हालांकि सभी लोग आयुष्मान कार्ड नहीं बनवा सकते हैं। यदि आप भी आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहते हैं तो यह खबर आपके काम की है। इसमें हम आपको यह बताएंगे कि आयुष्मान कार्ड की लिस्ट में अपना नाम कैसे चेक करें और घर बैठे मोबाइल से आयुष्मान कार्ड के लिए कैसे अप्लाई करें। आइए जानते हैं...

पहले आयुष्मान कार्ड के लिए एक लिस्ट होती थी। यदि उस लिस्ट में आपका नाम होता था तो आप कार्ड के लिए अप्लाई कर सकते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। बिहार जैसे राज्यों में राशन कार्ड के जरिए आयुष्मान कार्ड बन रहा है। यदि आपके पास राशन कार्ड है या राशन कार्ड में आपका नाम है तो आप आयुष्मान कार्ड महज 24 घंटे में बनवा सकते हैं। आइए इसका तरीका जानते हैं....

सबसे पहले आपको https://beneficiary.nha.gov.in/ पर जाना होगा। राइट साइड में आपको लॉगिन का ऑप्शन दिखेगा जिसमें Beneficiary को सेलेक्ट करके मोबाइल नंबर से आपको लॉगिन करना है। मोबाइल नंबर डालने के बाद वेरिफाई पर क्लिक करें। अब मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी और कैप्चा कोड डालकर लॉगिन करें।

अब Scheme में PMJY का चयन करें। फिर अपने राज्य का चुनाव करें। इसके बाद सबस्किम में भी PMJY का चयन करें और फिर जिले का चयन करें। उसके बाद सर्च बार में आधार नंबर का चयन करें और आधार नंबर डालें।

इसके बाद आपके सामने एक लिस्ट खुल जाएगी। उसमें से अपना नाम चुनें और वेरिफिकेशन के लिए आगे बढ़ें। इसके बाद आपको फोटो अपलोड करनी होगी। फोटो लैपटॉप या मोबाइल एप से क्लिक करनी होगी। फिर ओटीपी, पिन कोड जैसी जानकारी देनी होगी।

सबमिट करने के बाद 24 घंटे के बाद आप फिर से इसी तरह लॉगिन करके चेक कर सकते हैं कि आपका आयुष्मान कार्ड बना है या नहीं। यदि बन गया होगा तो डाउनलोड करने का ऑप्शन दिखेगा। यही काम आप ayushman app से भी कर सकते हैं। ayushman app से भी इसी तरह लॉगिन करना होगा।

## बिहार के बाहुबली अनंत सिंह ने कहा, ललन सिंह को चार लाख वोटों से जिताएंगे



पटना। बिहार। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है।

पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया।

जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोगों से घूम-घूम कर मिल रहे हैं। जनता से मिलने के बाद गांव में जमीन का बंटवारा करना है। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार ललन सिंह को हम इस बार चार लाख वोटों से जीत दिलायेंगे।उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत पिछले दिनों बहुत खराब हो गयी थी। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनंत सिंह ने जेल से बाहर आने का कारण स्वास्थ्य और जमीन का बंटवारा बताया है लेकिन 13 मई को चौथे चरण में मुंगेर में मतदान के देखते हुए सीधे-सीधे यह राजनीति खेल माना जा रहा है। क्योंकि, हाल ही में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं अनंत सिंह पत्नी ललन सिंह के लिए चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत पटना की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

## पिछला दशक ट्रेलर था, अब नई ऊंचाइयों पर जाएगा भारतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दशक में हुई प्रगति केवल एक ट्रेलर है और अभी बहुत कुछ करना है। हम भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न गुजराती समाचार पत्रों को दिए साक्षात्कार में उक्त बातें कहीं हैं। उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े साक्षात्कार को एक्स पर साझा करते हुए कहा है कि गुजरात फिर से भाजपा को चुनने के लिए तैयार है। कांग्रेस की गुजरात विरोधी मानसिकता को लोग कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

उल्लेखनीय है कि गुजरात में तीसरे चरण में मंगलवार को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी पिछले दो कार्यकाल से यहां की सभी 26 सीटें जीतती आई है। इस बार सूरत लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुका है।

# कांग्रेस नेता राधिका खेड़ा ने छोड़ी पार्टी, बोलीं- मेरे अयोध्या जाने का हो रहा था विरोध

**नई दिल्ली।**जैसी ही कांग्रेस एक झटके से उबरने की कोशिश करती है, उसे दोबारा से करारा झटका लग जाता है. इसी कडी में कांग्रेस की प्रवक्ता और छत्तीसगढ़ कांग्रेस की चर्चित नेता राधिका खेड़ा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपना लेटर बकायदा ट्वीट करते हुए लिखा कि पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं और अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं. उन्होंने यह भी लिखा कि मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं, और वही अब मैं कर रहीं हूं.

**राम लला पर कांग्रेस को घेरा..**

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के नाम लिखे पत्र में उन्होंने लिखा कि आदिकाल से ये स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता रहा है. हिरण्यकशिपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण हैं. वर्तमान में प्रभु श्री राम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह विरोध कर रहे हैं. हर हिंदू के लिए प्रभु श्री राम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और राम लल्ला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है वहीं कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं.

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पर भी निशाना**

उन्होंने आगे लिखा कि मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए, जहां NSUI से लेकर AICC के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया, आज वहीं ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है क्योंकि मैं अयोध्या में राम लल्ला के दर्शन करने से खुद को रोक नहीं पाई. मेरे इस पुनीत कार्य का विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए घटनाक्रम में मुझे न्याय देने से इंकार कर दिया गया.

**राम भक्त होने की वजह से आहत हूं..**

राधिका ने आगे लिखा कि मैंने हमेशा ही दूसरों के न्याय के लिए हर मंच से लड़ाई लड़ी है, किंतु जब स्वयं के न्याय की बात आई तो पार्टी में मैंने स्वयं को हारा हुआ पाया. प्रभु श्री राम की भक्त व एक महिला होने के नाते मैं बेहद आहत हूं. बार बार पार्टी के समस्त शीर्ष नेताओं को अवगत कराने के बाद भी जब मुझे न्याय नहीं मिला, इससे आहत होकर मैंने आज यह कदम उठाया है।कांग्रेस

नेता राधिका खेड़ा ने छोड़ी पार्टी, बोलीं- मेरे अयोध्या जाने का हो रहा था विरोध

जैसे ही कांग्रेस एक झटके से उबरने की कोशिश करती है, उसे दोबारा से करारा झटका लग जाता है. इसी कडी में कांग्रेस की प्रवक्ता और छत्तीसगढ़ कांग्रेस की चर्चित नेता राधिका खेड़ा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपना लेटर बकायदा ट्वीट करते हुए लिखा कि पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं और अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं. उन्होंने यह भी लिखा कि मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं, और वही अब मैं कर रहीं हूं.

राम लला पर कांग्रेस को घेरा..

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के नाम लिखे पत्र में उन्होंने लिखा कि आदिकाल से ये स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता रहा है. हिरण्यकशिपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण हैं. वर्तमान में प्रभु श्री राम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह विरोध कर रहे हैं. हर हिंदू के लिए प्रभु श्री राम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और राम लल्ला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है वहीं कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं.

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पर भी निशाना

उन्होंने आगे लिखा कि मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए, जहां NSUI से लेकर AICC के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया, आज वहीं ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है क्योंकि मैं अयोध्या में राम लल्ला के दर्शन करने से खुद को रोक नहीं पाई. मेरे इस पुनीत कार्य का विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए घटनाक्रम में मुझे न्याय देने से इंकार कर दिया गया.

राम भक्त होने की वजह से आहत हूं..

राधिका ने आगे लिखा कि मैंने हमेशा ही दूसरों के न्याय के लिए हर मंच से लड़ाई लड़ी है, किंतु जब स्वयं के न्याय की बात आई तो पार्टी में मैंने स्वयं को हारा हुआ पाया. प्रभु श्री राम की भक्त व एक महिला होने के नाते मैं बेहद आहत हूं. बार बार पार्टी के समस्त शीर्ष नेताओं को अवगत कराने के बाद भी जब मुझे न्याय नहीं मिला, इससे आहत होकर मैंने आज यह कदम उठाया है.

# 7 मई को आयोजित सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को शिड्यूल करें पदाधिकारी : के. रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड

**अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे चुनाव संबंधी कंटेंट को करें पोस्ट**

**आम नागरिक भी अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल में MainBhi Election Ambassador हैशटैग लगाकर निर्वाचन से जुडे कंटेंट पोस्ट करें।**





**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच #MainBhi Election Ambassador विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुडे सभी सोशल मीडिया हैंडल पर #MainBhi Election Ambassador हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वह रविवार को सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी, सोशल मीडिया के नोडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया का कार्य देख रहे सभी पदाधिकारी/कर्मी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी। साथ ही अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से संबंधित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेडिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उपरोक्त हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को जरूर पोस्ट करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान को लेकर संबंधित लोगों से कहा कि निर्धारित समय के पूर्व ही अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से तिथि एवं समय का शिड्यूल कर लें, ताकि निर्धारित समयावधि में उन्हें पोस्ट करने में कोई समस्या नहीं आए और वह ट्रेंड करता रहे। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री को पोस्ट करने की बातें कहीं। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया पर पोस्ट हेतु तिथि एवं समय का शिड्यूल सहित अन्य संबंधित तकनीकी जानकारियां दी गईं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित आदि उपस्थित थे।

# बीजेपी पर बरसे सीएम चंपाई, पूछा

## अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा झारखंड सरकार को कब मिला? मुख्यमंत्री मंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री एक बार फिर से बीजेपी पर निशाना साधा है। झारखंड में घुसपैठिए के मामले में कहा कि झारखंड सरकार को अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा कब मिला। यह गलती किसकी है। सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता। उल्टे बीजेपी आरोप लगाती है कि यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। बीजेपी ही बताए गलती किसकी है। भाजपा के एजेंडे से महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली जैसे मुद्दे गायब हैं। ये बातें सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है।



मुख्यमंत्री ने नसीहत देते हुए कहा कि जुमलों से बचिए। वैसे लोगों को अपना सांसद चुनिए, जो आपके मुद्दों को देश की सबसे बडी पंचायत में उठा सकें। झारखंड के अधिकतर सांसदों द्वारा जिस प्रकार राज्य की जनता की मांगों व अपेक्षाओं को लगातार नकारा गया है, जिस तरह से उन्हें महंगाई, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, सरना-आदिवासी धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों पर जुमले सुनाये गए हैं, उसका जवाब जनता देगी।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में राशन कार्ड तक आधार संख्या के बिना नहीं बनते। जब आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी केंद्र सरकार के अधीन काम करती है, नागरिकता देना भी केंद्र के अधिकार क्षेत्र आता है, तो फिर इस प्रक्रिया में होने वाली गडबडी के लिए कौन जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी गरीबी देखी है। भाजपा सरकार के राज में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 400 रुपए से बढ कर 1100 रुपए हो गईं। राशन से लेकर सब्जी-भाजी और तेल-मसालों का हाल भी लोगों के सामने है। ऐसे हालात बन गए हैं कि देश के इतिहास में पहली बार 80 करोड लोगों को पांच किलो अनाज देना पड रहा है।

# सुदेश महतो ने पार्टी का पट्टा और माला पहनकर पार्टी की सदस्यता दिलायी

**रांची।** आजसू पार्टी के विचार और सिद्धांत से प्रेरित होकर पार्टी में लगातार लोगों के शामिल होने का सिलसिला जारी है। इसी कडी में रविवार को कृषि व्यवसाय नवीन कुमार के साथ-साथ सैकडों की संख्या में उनके समर्थकों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। रांची के हरमू रोड स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने नवीन कुमार के साथ-साथ आये उनके सैकडों समर्थकों को पार्टी का पट्टा और माला पहनकर पार्टी की सदस्यता दिलायी।



मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी में लोगों का लगातार जुडना जारी है जिससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजसू राज्य हित, देश हित में हर कदम आगे बढाती रहेगी।

वहीं नवीन कुमार के कहा कि आजसू पार्टी की नीति, सिद्धांत वो पिछले 15 वर्षों से देखते चले आ रहे हैं पार्टी की नीति, सिद्धांत विजन विभिन पार्टियों से अलग है।

# बीएसएनल मुख्यालय में लगी भीषण आग

**रांची।** रांची में बीएसएनल मुख्यालय में भीषण आग लग गयी है। आग लगने के कारणों का अभी तक तक पता नहीं चल पाया है। कर्मचारियों की और से इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने के लिये कड़ी मशक्कत कर रही है। हालांकि किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है।



मिली खबर के मुताबिक आग दोपहर में लगी है। इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। लेकिन माना जा रहा है कि आग शॉट सर्किट के कारण लगी हो सकती है। रविवार होने के काऱण दफ्तर में बहुत कम लोग मौजूद थे। इसलिये भी आग लगने की घटना की समय पर जानकारी नहीं मिल सकी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

# झारखंड की इन लोकसभा सीटों के लिए कल से शुरू होगा नामांकन,

**ब्यूरो**, रांची। संताल परगना में भी सियासी घमासान का जोर पकड़ेगा। झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की तीन सीटों राजमहल, दुमका तथा गोड्डा में सात मई को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। इसी के साथ इन सीटों पर कल से नामांकन शुरू हो जाएगा।संताल की इन तीन सीटों में राजमहल और दुमका एसटी के लिए आरक्षित है, जबकि गोड्डा सामान्य सीट है। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित हैं। अगले दिन 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 17 मई तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। इन अंतिम चरण की सीटों पर एक जून को मतदान होना है।संताल परगना की तीनों लोकसभा सीटों पर जमकर वोट पड़ते हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में ही तीनों सीटों पर राज्य औसत से अधिक वोट पड़े थे। तीनों सीटों पर लगभग 70 प्रतिशत या इससे अधिक मतदान हुआ था। पिछले चुनाव में तीनों सीटों पर पुरुषों से अधिक महिलाओं ने वोट दिया था।लोकसभा चुनाव के इस अंतिम चरण में दुमका सबसे चर्चित सीट है, जहां दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, उनके सामने लगातार सात बार विधानसभा चुनाव की जीत का रिकॉर्ड बना चुके झामुमो के नलिन सोरेन हैं।इस सीट से शिबू सोरेन स्वयं चुनाव लड़ते रहे हैं। लेकिन अधिक उम्र होने तथा शारीरिक समस्याओं के कारण इस बार वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।परिवार का अन्य कोई सदस्य भी इस बार इस सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। इसी चरण में गोड्डा सीट भी जहां इस बार भाजपा के वर्तमान सांसद निशिकांत दूबे चौका लगाने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं।




कांग्रेस के वर्तमान विधायक प्रदीप यादव हैं। राजमहल भी विजय हासंदा इस बार हैट्रिक लगाने के प्रयास में हैं। उनके सामने भाजपा ने इस बार पूर्व विधायक ताला मरांडी को चुनाव मैदान में उतारा है।

# छुट्टी के दिन भी खुले रहेंगे पोस्ट आफिस वोटरों तक आईडी पहुंचने के लिए




**रांची।** लोकसभा चुनाव के महापर्व को देखते रांची डाक मंडल के डाकघर आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए रविवार को भी खुले रहे। निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गये लगभग 53000 वोटर आइडी कार्डों को डाक के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रांची जीपीओ की मदद से तैयारियां की गयी हैं। रविवार के दिन भी लोगों के घर-घर तक जाकर वोटर आइडी कार्ड का वितरण किया गया। वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने बताया कि डाक कर्मी, डाकिया और जीडीएस की मदद से लगभग 10 हजार वोटर आइडी कार्डों का वितरण घर-घर पहुंचा कर किया गया है।

# 11 लाख के ब्राउन शुगर के साथ महिला सहित तीन गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन से 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। मामले में एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में विकास कुमार, निलेश कुमार और सोनाली खलखो शामिल है। तीनों रांची के रहने वाले हैं। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत 11 लाख 13 हजार रुपए आंकी गई है।



रविवार को आरपीएफ पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की रेल परिसर में ब्राउन शुगर की ख़रीद फ़रोख़्त हो सकती है। इसकी तुरंत सूचना पोस्ट कमांडर रांची दिगंजय शर्मा ने सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह को दी। साथ ही इसकी सूचना स्थानीय थाना चुटिया को दी गई। अविलम्ब कार्यवाही करते हुए सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर टीम का गठन कर रेल परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान गठित टीम ने तीन तस्करों को गिरफ़्तार किया। इसमें एक महिला और दो पुरुष शामिल थे । सहायक सुरक्षा आयुक्त के आदेश पर बरामद ब्राउन शुगर को जब्त किया गया ।

अलग पहचान



# रांची नगर निगम में सीनियर सिटिजन का मामला फंसा, यह बड़ी परेशानी आई सामने; अब कैसे मिलेगी छूट?

**संवाददाता**, रांची। रांची नगर निगम की ओर से होल्डिंग टैक्स के भुगतान पर सीनियर सिटिजन, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर व आर्म्ड फोर्स से संबंधित लोगों को पांच प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने की घोषणा की गई है, आनलाइन भुगतान के दौरान सीनियर सिटिजन का विकल्प ढूढ़ने में ही लोगों के पसीने छुट जा रहे हैं।जिससे संबंधित लोगों को इसका लाभ उठाने में परेशानी हो रही है। वहीं निगम वित्तीय वर्ष 2024-25 के होल्डिंग टैक्स का 30 जून तक एकमुश्त ऑनलाइन भुगतान करने पर 10 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा भी की है। ऐसे




में सीनियर सिटिजन, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर व आर्म्ड फोर्स से संबंधित लोगों को कुल 15 प्रतिशत छूट का लाभ मिलना चाहिए।एक सीनियर सिटिजन ने बताया कि ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया उनकी समझ से परे है। इसलिए वे निगम के जन सुविधा केंद्र में ही होल्डिंग टैक्स का भुगतान करते हैं। एक बुजुर्ग सुनील सिंह ने बताया कि रिकॉर्ड में सुधार कराने में निगम के ग्राउंड फ्लोर से छठी मंजिल तक चक्कर लगाना पड़ता है। नाम, पता या मोबाइल नंबर में सुधार कराने में तीन-चार माह लग जाते हैं। ऐसे में सीनियर सिटिजन के नाम पर पांच प्रतिशत की छूट मिलने की बात आसान नहीं है। नगर निगम के अधिकारी मुकेश कुमार रंजन कहते हैं कि निगम की वेबसाइट पर सभी जानकारी उपलब्ध है। म्यूनिसिपल सर्विसेस डाट झारखंड डाट जीओवी डाट इन पर क्लिक करें इसके बाद पे प्रोपर्टी टैक्स पर क्लिक करें।

15 डिजिट का होल्डिंग नंबर दर्ज कर सर्च करें। इसके बाद ओनर डिटेल्स का पेज खुलेगा। सभी जानकारी अपलोड करने के बाद एक नया पेज खुलेगा यहां सीनियर सिटिजन, स्पेशियली एबलड व आर्म्ड फोर्स का विकल्प चुनने के बाद जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत संबंधित दस्तावेज अपलोड नहीं होने पर निगम कार्यालय में भी संबधित दस्तावेज जमा कर सकते हैं। जांच के बाद सही पाए जाने पर पांच प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा। कुल मिलाकर आनलाइन भुगतान में अभी तक सीनियर सिटिजन का विकल्प नहीं मिल रहा।

# 7 मई को झारखंड में चुनावी सभा करेंगे राहुल गांधी

**रांची।** झारखंड में 13 मई से चार चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीटों पर वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसे लेकर राज्य में विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं के आगमन की शुरुआत हो गई है। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्रियों ने राज्य का दौरा किया।

इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी 07 मई को राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। लोहरदगा, खूंटी लोकसभा



क्षेत्र के लिए गुमला के सिसई में उनकी जनसभा होगी। इसके साथ ही सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में भी राहुल गांधी की जनसभा इसी दिन प्रस्तावित है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि राहुल गांधी जनसभा करने के लिए सात मई को रांची पहुंचेंगे। लोहरदगा और खूंटी दो लोकसभा सीटों को लेकर गुमला के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं चाईबासा में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी नामांकन दाखिल करेंगी कल

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय 6 मई को नामांकन दाखिल करने वाली है। यशस्विनी जुलूस यात्रा निकालकर रांची समाहरणालय जायेगी और अपना पर्चा दाखिल करेंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। जहां जनता से वोट की अपील करेंगी। गौरतलब है कि रांची में 25 मई को मतदान होना है। यहां यशस्विनी सहाय का मुकाबला संजय सेठ से होगा। संजय सेठ ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

गौरतलब है कि नामांकन जुलूस यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के समर्थक झंडा-बैनर के साथ शामिल होंगे। जुलूस यात्रा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवास ई-39 सेक्टर से सुबह 7:30 बजे निकलेगी। जो धुर्वा, सेक्टर तीन, बिरसा चौक, हिनू



चौक, डोरंडा एजी मोड़, स्वामी विवेकानंद चौक, बाबा साहब अंबेडकर चौक, रिसालदार बाबा मजार, कडरू ब्रिज, कडरू, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, स्वामी सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक, भारत माता चौक, किशोरगंज चौक, रातू रोड चौराहा, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए समाहरणालय भवन पहुंचेगी। यहां नामांकन करने के बाद मोरहाबादी में जनसभा को संबोधित करेंगी।

रांची में 25 मई को मतदान होना है। रांची के अलावा गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर संसदीय सीट पर भी इसी दिन वोटिंग होगी। 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 6 मई तक चलेगी। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 9 मई तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी (एसटी), रांची, हटिया और कांके (एससी) आते हैं।

# कोर्ट की शरण में पहुंचे जयराम महतो

**रांची।** गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन करने वाले जयराम महतो कोर्ट की शरण में पहुंच गये हैं। जयराम महतो 4 मई को रांची के सिविल कोर्ट में एंटीसीपिटरी बेल के लिये मूव किया है। उनके अधिवक्ता प्रदीप कुमार महतो ने कोर्ट में एबीए फाइल किया है। जयराम महतो के बेल पर 6 मई यानि कल सुनवाई होगी।

एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर जयराम महतो अपने सैकडों समर्थकों के साथ बोकारो डीसी कार्यालय नामांकन करने के लिये पहुंचे थे। नामांकन करने के बाद जब वह बाहर निकल रहे थे तब रांची के नगडी थाना कि पुलिस ने उन्हें एक मामले में हिरासत में लिये जाने के सूचना दी। जब जयराम महतो के समर्थकों को इसकी जानकारी मिली तो वे काफी उग्र हो गये। उसके बाद



पुलिस की इजाजत से जयराम महतो अपने समर्थकों को सम्बोधित करने के लिये गये। लेकिन सभा समाप्त होने के बाद भीड का फायदा उठाते हुये जयराम महतो वहां से फरार हो गये।

नामांकन से पहले जयराम महतो को भगाने के मामले में बोकारो के सिटी थाना में जयराम महतो समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिसमे से 4 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिसमें JBKSS के महासचिव फरजान खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान अख्तर, जयराम के प्रस्तावक संजय महतो और विक्रम रवानी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सभी पर पुलिस ने धारा 353, 332, 147, 149 कुल आठ अलग – अलग धाराएं लगाई गई है।

# अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् ने की बैठक, पेशा कानून को हुबहू लागू करने की मांग

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के आर आई बिल्डिंग, कचहरी चौक स्थित कार्यालय में रविवार को जादो उरांव की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक में आदिवासियों के रहन सहन एवं रूढ़िवादी बिंदु पर विचार विमर्श किया गया। परिषद् के महासचिव जादो उरांव ने कहा कि छोटानगपुर कास्तकारी अधिनियम 1908, पांचवी अनुसूची 1950 एवं पेशा कानून 1996 के अंतर्गत



कानून व्यवस्था के रहते हुए आज आदिवासी समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है। परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा ने कहा कि सी एन टी एक्ट कानून को रहते हुए आज आदिवासियों के घर, जमीन का लूट खसोट जारी है, साथ ही आदिवासी क्षेत्र में पांचवी अनुसूची लागू रहने के बावजूद आदिवासियों की जनसंख्या में दिन प्रतिदिन गिरावट आ रही है। अखिल भारत आदिवासी विकास परिषद की यह मांग है कि पेशा कानून को हुबहू लागू करके हीं आदिवासियों के हक, अधिकार एवं संस्कृति को सुरक्षित किया जा सकता है। इस बैठक में मुख्य रूप से अजय लिंडा, बाना मुंडा, बंधु कच्छप, जयराम किस्फोटा, प्रदीप लकड़ा, दीपक।

## राजद ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव अभियान समिति का गठन कर दिया है

**रांची।** राजद ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव अभियान समिति का गठन कर दिया है। लोकसभा चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महासचिव आबिद अली ने इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार राजेश यादव को रांची लोकसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है। वहीं दुमका लोकसभा क्षेत्र से प्रवीर कुमार वर्मा, राजमहल से राजकिशोर सिंह यादव, गोड्डा से कल्पना देवी, धनबाद से तारकेश्वर यादव, गिरिडीह से मंजु साह, चतरा से डॉ मनोज कुमार, जमशेदपुर से शारदा देवी, हजारीबाग से अर्जुन यादव, खूंटी से कैलाश यादव, कोडरमा से रामधन यादव, लोहरदगा से मोहसिन अंसारी और सिंहभूम से डीएन सिंह को संयोजक बनाया गया है।

संयोजक-राजेश यादव, सदस्य-श्याम दास सिंह, अनिता यादव, सदाकत हुसैन अंसारी, कैलाश यादव, डॉ मनोज, रंजन कुमार, रानी कुमारी, धर्मेंद्र महतो, संजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार राय, इरफान अंसारी, कमलेश यादव, स्मिता लकडा, डॉ अरूण कुमार यादव, भाष्कर वर्मा, मनोज अग्रवाल, प्रणय कुमार बब्लू, चंद्रशेखर भगत, शब्बर फातमी, सुनीता चौधरी, अब्दुल गफ्फार अंसारी, रामकुमार यादव, इम्तियाज वारसी, मदन यादव, संतोष कुमार, अनिल शर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा, साजिद आलम, जसीम अख्तर, गायत्री देवी, सुधीर गोप, गौरी शंकर यादव और शाहबाज अहमद।

# प्रतुल शाह देव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए जो याचिका दाखिल की थी उसे उच्च न्यायालय ने न सिर्फ खारिज किया

**रांची** रविवार को रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता करते हुए उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय के आदेश में राज्य सरकार पर बडा हमला बोला। प्रतुल शाह देव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए जो याचिका दाखिल की थी उसे उच्च न्यायालय ने न सिर्फ खारिज किया बल्कि मुख्यमंत्री के द्वारा राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी।




उच्च न्यायालय ने अपनी तलख टिप्पणी में यह भी कहा कि इडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटा है प्रथम दृष्टया उसमें हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में इडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपये की रिकवरी पर भी बडा प्रश्न खडा किया। उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन के द्वारा इसे अपने माता-पिता के इलाज के लिए जमा किये गये पैसे रखने की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना।

प्रतुल ने कहा इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नीबू पहाड के अवैध खनन मामले में सीबीआइ की जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंतत राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गयी और सीबीआइ जांच जारी रहेगी। स्पष्ट है कि जो हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है।

प्रतुल ने कहा कि सदर थाने में जमीन घोटाले के संबंधित जो एफआइआर हुआ था। उसमें षड्यंत्र की धारा को जोडा गया था। लेकिन इस षड्यंत्र की धारा (120 बी) को पेन से काट के मिटाने की घटना को भी उच्च न्यायालय ने बहुत गंभीरता से लिया है और कहा कि उसे समय हेमंत सोरेन की सरकार का कार्यकाल था।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गयी है। झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी। प्रतुल ने कहा कि जिस पार्टी ने सिर्फ तुष्टिकरण के सहारे साढे चार वर्षों तक राजनीति की। उनके ही कार्यकाल में हिंदू फल दुकान लिखने पर जेल, सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय बना दिया गया। एक आइएएस अफसर खुद को मुस्लिम अधिकारी बताते रहे। विधानसभा में बिना मांग के नमाज स्थल बना दिया। लव जिहाद की घटनाएं बढीं। अब वह भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगा रही है। प्रतुल ने कहा वैसे भी झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनाव के बाद अपना राजनीतिक रूप से अस्तित्व खोने जा रही है। इसलिए ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाकर नया नैरेटिव सेट करने की कोशिश हो रही है। उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णयों ने हेमंत सरकार को आइना दिखाया।

## झामुमो ने फर्स्ट जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में दायर चार्जशीट पर भाजपा को घेरा

**रांची।** प्रथम जेपीएससी घोटाले में सीबीआइ द्वारा पूर्व जेपीएससी अध्यक्ष समेत 37 लोगों के खिलाफ चार्टशीट दाखिल करने पर झामुमो ने भाजपा पर हमला बोला हैद्व झामुमो ने अपने एक्स हैंडल में लिखा है कि झारखंड में भाजपा की पहली ही सरकार का काला चिट्ठा सबको पता था। अब खुलासा हो गया। भाजपा बताये कि उस समय राज्य में किसकी सरकार थी। 20 साल राज कर सुनियोजित तरीके से भाजपा ने राज्य को




पिछडा रखने का काम किया। आगे लिखा कि पिछले साढे चार साल से वह सत्ता से दूर है। इसलिए तिलमिलाये हुए हैं। भाजपा इसी षड्यंत्र में लगी हुई है कि कैसे सत्ता पायी जाये और राज्य को फिर लूटा जाये। झारखंड राज्य अलग होने के बाद जेपीएससी प्रथम और द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति में गडबडी का मामला आया था। दोनों परीक्षाओं में धांधली का भी आरोप लगा था। कहा जा रहा था कि मंत्री से लेकर विधायक, सांसद और अफसरों ने अपने रिश्तेदारों और चहेतों को इस परीक्षा में पास करवाया था।

उस समय यह मामला काफी तूल पकडा था। इसके बाद साल 2012 में झारखंड हाइकोर्ट ने सीबीआइ को इस मामले की जांच का आदेश दिया था। करीब 12 साल बाद अब जाकर सीबीआइ ने अपनी जांच पूरी करने के बाद विशेष कोर्ट में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सदस्य गोपाल प्रसाद, राधा गोविंद सिंह नागेश, शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी के अलावे अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी समेत 37 के खिलाफ चार्टशीट दाखिल की है।

# बेड़ो पूर्वी जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी की ट्रेन से कटकर हुई मौत, शोक की लहर

**रांची** : बेड़ो प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जगन्नाथ भगत की पत्नी पार्वती कुमारी का ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के नारे गांव के समीप की है मिली जानकारी के अनुसार जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी गुमसुम होकर रेलवे ट्रैक पर बैठी हुई थी इसी दौरान वे ट्रेन की चपेट में आ गई और उनकी घटनास्थल



पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर बेड़ो जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी की हुई ट्रेन से कटकर मौत के बाद बेड़ो के ग्रामीणों में शोक की लहर छा गई है।

अलग पहचान



# धनबाद में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एक ओर जहां खुद को गरीब का बेटा बताकर वोट मांग रहे हैं. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह लोगों को नसीहत दे रही हैं कि आतंक फैलाने वालों को वोट न दें.

**धनबादः** धनबाद लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होना है. इसके लिए प्रत्याशी क्षेत्र में जोरदार तरीके से दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो झरिया विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाएं कर लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं. इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ढुल्लू महतो के साथ रहीं. उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की.

वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है. कांग्रेस प्रत्याशी सरायढेला स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलोनी पहुंचीं. जहां स्थानीय लोगों और वहां की महिलाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया.





जनसंपर्क अभियान के दौरान दोनों प्रत्याशी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए खुद को बेहतर बता रहे हैं और लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं.

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा में भाजपा मजबूत है. सभी लोग भाजपा को वोट करें. धनबाद लोकसभा में कमल खिलेगा. भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा कार्यकर्ताओं के काम का नतीजा है कि लोगों का भाजपा पर भरोसा बढ़ा है. गरीब के बेटे को वोट देकर भाजपा को जिताने का काम करें.

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि आपको ऐसा प्रत्याशी चुनना है जो आपकी समस्याओं को समझ सके और धनबाद को विकास के पथ पर ले जा सके. आमतौर पर लोग ऐसे लोगों को चुनते हैं जो उनके सुख-दुख में शामिल हो सकें और जिनके पास आसानी से पहुंचा जा सके. लेकिन उनका चरित्र साफ-सुथरा होना बहुत जरूरी है. हम ऐसे प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे जो आतंक फैलाता हो.

उन्होंने कहा कि जब आप अपना नेता चुनते हैं तो उसमें कुछ तो होना चाहिए. बच्चे भी आपके चुने हुए नेता की राह पर ही चलेंगे. बच्चे उन्हें हीरो मानेंगे और उनके जैसा बनने का काम करेंगे. कोई किसी को आतंक फैलाने के लिए अपने घर नहीं बुलाता.

## नगर निगम की टीम ने कतरास थाना चौक के नाला को अतिक्रमण मुक्त कराया



**कतरास** : छाताबाद कैलूडीह निवासी मो.साजिद अंसारी के शिकायत पर कतरास थाना चौक के सामने स्थित दुकानों को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया. ननि की टीम ने कतरास पुलिस के सहयोग से कब्जा मुक्त कराया. शिकायत में धनबाद नगर आयुक्त को पत्र देकर निजी दुकान के सामने टेंट लगाकर जबरन कब्जा करने की शिकायत की थी. पत्र में साजिद ने कहा कि उसने पक्का दुकान खरीदा है.खरीदने के पश्चात शिव मोहल्ला निवासी अजय कुमार, पूजा गोस्वामी, राजकुमार गोस्वामी,अशोक गोस्वामी के द्वारा दुकान के सामने जबरन टेंट लगाकर खिलौना बेच रहा है.इधर दुकानदारों का कहना है कि पांच पीढी से यहां दुकान चला रहे. इससे पहले किसी को कोई दिक्कत नहीं हो रही थी.अब दिक्कत होने लगी.अब घर कैसे चलेगा और कहा जायेंगे. इधर सिटी मैनेजर शब्बीर आलम ने कहा कि निगम को मिली शिकायत पर नगर आयुक्त के निर्देश पर कार्रवाई की है.

# हजारों लोगों ने एक साथ ली मतदान करने की शपथ

**धनबाद**।लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज संध्या रणधीर वर्मा स्टेडियम में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस दौरान झूमर नृत्य एवं रॉक बैंड शो का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व में निर्भीक होकर और बिना प्रलोभन के मतदान करने की शपथ दिलाई। सभी दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन का फ़्लैश ऑन कर मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम में रॉक बैंड ग्रुप स्पंदन और झूमर नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।**





वहीं उपायुक्त ने तिरंगे रंग के बैलून उड़ाकर और वोट करेगा धनबाद की दीपमाला प्रज्वलित कर समस्त जिले वासियों से मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।





दूसरी तरफ फूड फेस्टिवल में सोनोटेल होटल्स, न्यू बोम्बे स्वीट्स, चंपारण मीट हाउस, मधुलिका स्वीट्स, साउथ का तड़का, त्रीमूर्ति कैटरर्स सहित शहर के नामी गिरामी प्रतिष्ठान के 25 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। यहां भी लोगों ने विविध व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

कार्यक्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संतोषिनी मुर्मू के अलावा डिस्ट्रिक्ट आईकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव, निधी जैसवाल के अलावा हजारों की संख्या में जिला वासी मौजूद थे।

## कारू यादव के नेतृत्व में इंडिया गिरिडीह प्रत्याशी मथुरा महतो का भव्य स्वागत,खरखरी में चुनावी सभा,चार पंचायत के लोग पार्टी में शामिल,मथुरा ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया

**धनबाद** : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को अच्छे दिन का वादा किया,जो पिछले दस वर्षो मे सपना बनकर रह गया। केंद्र सरकार सिर्फ अंबानी अडानी के लिए अच्छे दिन लाने का काम किया है।उक्त बाते इंडिया गठबंधन से गिरीडीह संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा महतो ने खरखरी दुर्गा मंदिर प्रांगण मे आयोजित जनसंपर्क अभियान सभा मे कही।उन्होने कहा कि जनता जुमला से परास्त हो गयी है।महँगाई,बेरोजगारी चरम पर है।देश की संपत्ति को निजी हाथों में बेच कर पूंजीपतियों को लाभ पहुँचा कर जनता को छला जा रहा है।उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी जी के हाथ को मजबूत करने वाला केला क्षेत्र के लिए झमेला बनकर रह गया। वहीं झारखंड सरकार ने अपने चुनाव के दौरान जो वादे राज्य की जनता



से की थी उसे पूरा करने का काम किया।अध्यक्षता कर रहे युवा मोर्चा नेता कारू यादव ने कहा कि इस चुनाव में हम सभी को गरीबों के नेता मथुरा महतो को भारी मतों से जीता कर दिल्ली भेजना है। इसके पूर्व युवा मोर्चा नेता कारू यादव के नेतृत्व मे मथुरा महतो का डुमरा मोड़ मे जोरदार तरीके से स्वागत किया गया।उसके बाद सैकड़ो वाहनो के काफिले संग पार्टी कार्यकर्त्ता खरखरी दुर्गा मंडप मैदान पहुंची। मौके पर दूसरे दलों के दर्जनों लोग झामुमो मे शामिल हुए जिन्हे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो ने माला पहना कर स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान मे कारू यादव, प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, दयाल महतो, मो आजाद, राजकुमार यादव, मदन रवानी, रॉकी मोदक,ओमप्रकाश कुंवर, प्रदीप यादव, मरियम बीबी,प्रकाश यादव,मदन रवानी,संजीव मोदक,सनी पासवान,विकाश पासवान,सोनू गोप,नरेश पासवान,राजीव पासवान,सुरेश अग्रवाल,नवल पासवान,सुभाष पासवान,राजेन्द्र भारती,प्रदीप गुप्ता,अशोक यादव,राजेश पासवान,रामलाल भारती, गणेश भुइया,जॉनी लाला,यादव धीवर,प्रदीप चौहान समेत दर्जनों लोग शामिल

## नगर निगम के करवाई के बाद पूरा परिवार आया रोड पर

### दुकान टूटने के बाद पूरा परिवार बैठा धरना पर,जब तक इंसाफ नहीं तब तक बैठे रहेंगे धरना पर



**कतरास** : कल कतरास थाना चौक स्थित दो मनिहारी का दुकानो को अचानक नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा 10 मिनट के अंदर तोड़ दिया गया ना किसी तरह का नोटिस ना किसी तरह का सूचना यह दोनों दुकान करीब 100 वर्षों से इसी स्थान पर लगते आ रहा है बिहार सरकार के द्वारा पेपर भी है लेकिन नगर निगम ने न किसी की सुनी ना किसी की कुछ सोचा अचानक से कार्रवाई कर दी गई दुकानदार ने बताया कि कतरास पचगढ़ी थाना चौक के आसपास कई सैकड़ो दुकान अवैध रूप से है लेकिन सिर्फ हम दोनों के ही दुकानों पर कार्रवाई की गई ऐसा क्यों किसके कहने पर इस तरह का कार्रवाई हुई अभी रात 12 बजे पूरे अपने दुकान के स्थान पर धरना पर बैठे हुए है पूछे जाने पर बताया कि जब तक हम लोगों को इंसाफ नहीं मिलती है तब तक हम लोग धरना पर बैठे रहेंगे अगर इंसाफ नहीं मिला तो आत्मदाह भी कर लेंगे नगर निगम से कार्रवाई से अजय गोस्वामी सोनी कुमारी अशोक गोस्वामी राजकुमार गोस्वामी अमर गोस्वामी पूरा परिवार इसी दुकान के कमाई से भरण पोषण कमाई करके भरण पोषण होता है

परिवार में लगभग दो दर्जन लोग हैं डेली कमाने खाने वाले हैं अब उनका दुकान उजाड़ जाने से खाने के भी लाले हो जाएंगे नगर निगम के इस तरह के कार्रवाई होने पर लोगों में चर्चा का विषय बना

इस गरीब परिवार के मदद के लिए ना कोई नेता ना कोई सामाजिक कार्यकर्ता सामने आए

**तिसरा।** ए ,एस ,जी आई हॉस्पिटल अशोक नगर धनसार धनबाद की ओर से रविवार को जयरामपुर बीसीसीएल के अस्पताल





में मुक्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 लोगों की आंख की जांच की गई जिन में 15 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी प्रतिमा देवी बबलू रजक एवं मेवा लाल रजक ने किया। लोगों का जांच आई अस्पताल के डॉक्टर संजय रजक रवि कुमार सिंहा अभिषेक आनंद एवं तन्मय की चार सदस्य टीम की ओर से किया गया।

जांच के बाद डॉक्टर डॉ संजय रजक ने बताया कि 60 वर्ष के बाद किसी भी पुरुष या महिला में मोतियाबिंद का लक्षण पाए जाते हैं लेकिन अभी देखा जा रहा है कि बच्चों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रही उन्होंने बताया कि खास कर कोलियरी इलाके में आंख के बीमारी के लक्षण अधिक मात्रा में पाए जाते हैं क्योंकि यहां का वातावरण सही नहीं है डस्ट एलर्जी है धूलकण से ज्यादा लोग परेशान है इसके अलावा खान-पान भी सही नहीं है उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल ज्यादातर मोबाइल चला रहे हैं जिस कारण भी बीमारी हो रही है। लोगों के मुफ्त जांच के बाद कई लोगों को आंख का चश्मा एवं ड्रॉप आंख में डालने की सलाह दी गई जिन लोगों का मोतियाबिंद है उनको अस्पताल की ओर से निशुल्क यहां से ले जाएंगे और ऑपरेशन करने के बाद उनको पहुंचाया जाएगा उनके पास आयुष्मान कार्ड आधार कार्ड एवं राशन कार्ड होना अनिवार्य है। धूप में निकलने से पहले सनग्लास का उपयोग करें कंप्यूटर में भी ग्लास लगाकर काम करने से आंख पर प्रभाव नहीं पड़ेगा जानकारी ही बीमारी से बचाव है। 6 माह के अंदर नियमित जांच करते रहे एवं डॉक्टर से सलाह ले हमारा उद्देश्य है ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों के बीच में जाएं और उनको मदद करें। मौके पर सहिया साथी रेखाभट्ट, सहिया रानी देवी सुनीता देवी शांति देवी मनोरमा गुप्ता रेखा साहनी, सरिता देवी सुलेखा देवी उमेश पांडे आदि लोग थे।

# रोटी बैंक यूथ क्लब लगातार प्रयासरत

**संवाददाता अजीत कुमार**

भीषण गर्मी को देखते हुए रोटी बैंक यूथ क्लब के द्वारा आज स्टेशन परिसर पर यात्रियों को ठंडा पानी,जूस,आमरस,खीरा, वितरण किया गया...

जहां मुख्य रूप से स्टेशन मास्टर सतीश सिंह जी उपस्थित थे लगभग 1000 लोगों के बीच ठंडा पानी जूस आदि का वितरण किया गया,साथ ही रोटी बैंक युथ क्लब के सभी





सदस्य गण के सहयोग से यह कार्य सफल पूर्वक हो पाया। रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि आगे भी यह कार्य अलग-अलग जगह पर चलता रहेगा!

अलग पहचान



# भाजपा नहीं चाहती झारखंड का विकास हो: कल्पना

**गिरिडीह।** झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने गांडेय उपचुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार में लगी हुई हैं। रविवार को कडी धूप में ही कल्पना सोरेन ने पचंबा और गांडेय के आधा दर्जन गांवों का दौरा किया। इस दौरान कल्पना सोरेन के साथ राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद थे। कल्पना सोरेन ने रविवार को इलाके के भ्रमण की शुरूआत पिंडातांड से की। इसके बाद कल्पना सोरेन ने मनियामांडी, जगमनपहरी, पनयडीह के साथ करीब एक दर्जन गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों से मिलने के क्रम में कल्पना सोरेन ने पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की चर्चा की



और कहा कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने साजिश रच कर जेल भेजा।

इस दौरान कल्पना सोरेन का स्वागत भी जम कर हुआ। महिलाएं उनके साथ फोटो खिंचाने के लिए व्याकुल दिखी। इधर बातचीत के क्रम में कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को साजिश कर फंसाया गया। वह चुनाव लड रही हैं और अब उन्हें एहसास होता है कि पूर्व मुख्यमंत्री और उनके ससुर ने जो काम किया, उनके काम के बलबूते ही इलाके की जनता का उन्हें आशीर्वाद भी मिल रहा है।

कल्पना सोरेन ने आश्वासन दिया कि जो समस्याएं हैं, उसका शीघ्र ही निराकरण किया जायेगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप सभी के बेटे और भाई हेमंत सोरेन द्वारा सर्वजन पेंशन योजना शुरू की गयी, जिससे राज्य के 36 लाख बुजुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला और दिव्यांगजनों को हक-अधिकार से जोडा गया। सोचिये, भाजपा ने 20 साल राज्य में शासन कर जानबूझ कर लाखों लोगों को अपने अधिकार से वंचित रखा था। भाजपा नहीं चाहती कि झारखंड आगे बढे और झारखंडवासियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो। कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देना है। क्योंकि ये लोग नहीं चाहते हैं कि आदिवासी-मूलवासी तरक्की करे। उन्हें उनका हक मिले।

## झारखंड में 6 मई से मिलेगी गर्मी से राहत, रांची-जमशेदपुर और धनबाद का चार डिग्री गिरेगा पारा

**रांची न्यूज:**- झारखंड के लोगों को 6 मई से तेज गर्मी और हीट वेव से थोडी राहत मिलने की उम्मीद है। रांची समेत राज्य के कई इलाके में बादल छाये रहने और गरज के साथ हल्की बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान रांची के अलावा कोल्हान और संताल परगना प्रमंडल के विभिन्न जिलों में भी तापमान में कमी आने की उम्मीद है।रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वरीय वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिम बंगाल के तराई क्षेत्र और असम के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसके असर से झारखंड के मौसम में बदलाव होगा। कहीं-कहीं तेज हवा के साथ हल्की बारिश की भी संभावना है। उन्होंने बताया कि 8 से 10 मई तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश के आसार बन रहे हैं।

# गांडेयविधानसभाउपचुनावमेंनिर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह के बेंगाबाद थाना पुलिस ने गांडेय विधानसभा उचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके शहर के झंडा मैदान के समीप आवास में धावा बोला और इसे बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122/22 के मामले में गिरफ्तार किया है। हालांकि आरोपित अवधेश सिंह इस दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार होने के प्रयास में था। लेकिन तीन थानों की पुलिस ने इस आरोपित को फरार होने का मौका नहीं दिया और इसे इसके घर से दबोचने में सफल रही। फिलहाल आरोपित निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस बेंगाबाद थाना ले गई।



जानकारी के अनुसार प्रखर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आरोपी अवधेश सिंह ने दो साल पहले बेंगाबाद अंचल में घुस कर जमीन के कागजात में छेड़छाड़ किया था। उस वक्त इसके खिलाफ बेंगाबाद थाना में अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। जबकि कुछ दिन पहले इसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद इसे पुलिस ने गिरफ्तार किया।

अवधेश सिंह के खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना और पचम्बा थाना में केस दर्ज है। हालांकि पुलिस की ओर से मुफ्फसिल थाना के एक मामले में इसके जमानत होने की बात कही जा रही है। लेकिन पुलिस मुफ्फसिल और पचम्बा थाना मामले में इसे रिमांड पर ले सकती है। जमीन के खतियान को लेकर गांडेय के इस निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह ने कई बार आंदोलन किया था, तो कई बार जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी अवधेश सिंह ने गलत तरीके से धारा 144 तोड़ा था। उस वक्त भी इसके खिलाफ नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई किया था। निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह की गिरफ्तारी के दौरान एसडीपीओ बिनोद रवानी, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और इंस्पेक्टर ममता कुमारी के साथ बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार समेत पुलिस जवान इस दौरान शामिल

# डाकमतपत्र से पुलिस/सुरक्षा जवानों ने किया मतदान







**प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-2/सी एवं पुलिस केन्द्र, सेक्टर-12, बोकारो में बनाया गया था सुविधा केंद्र**

सुविधा केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध थी,सभी मूलभूत सुविधाएं,लोकतंत्र के महापर्व में हुए शामिल

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 13 मई 2024 पश्चिमी सिंहभूम, लोहरदगा एवं पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इससे संबंधित जिले के पुलिस जवानों/झारखंड शस्त्र पुलिस बल (जेएपीएफ) ,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) आदि सुरक्षा बलों ने रविवार को डाकमतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर 02 सुविधा केन्द्र क्रमशः प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (BISSS) सेक्टर-2/सी एवं पुलिस केन्द्र, सेक्टर-12, बोकारो स्थापित किया गया था। जहां जवानों नें पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 05 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

दोनों स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं (शेड/शीतल पेय/ पंखा/रौशनी आदि) की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। दोनों केंद्रों पर कुल 168 मतदाताओं ने मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुए। आज पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 62 मतदाता, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 86 मतदाता एवं पश्चिमी सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 20 मतदाताओं ने मतदान किया।

सोमवार को भी दोनों केंद्रों में संबंधित मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगें।

# स्कूल में AC का खर्च उठाये मां-बाप

**नई दिल्ली।अब** स्कूल में AC की सुविधा का खर्च मां-बाप को ही उठाना होगा। यह कहना है दिल्ली हाई कोर्ट का। कोर्ट ने कहा कि एयर कंडीशनिंग छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है। इसके खर्च का वहन माता-पिता को करना होगा। दरअसल एक प्राइवेट स्कूल के नौवीं कक्षा में पढने वाले बच्चे के अभिभावक द्वारा कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसमें निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में AC के लिए हर महीने 2 हजार रुपये वसूले जाने का



जिक्र किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दायर जनहित याचिका खारिज कर दिया। पीठ ने 2 मई को पारित अपने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखना चाहिये।

# हजारीबाग जिले में एक आइटीआइ के छात्र ने आत्महत्या कर ली

हजारीबाग। हजारीबाग जिले में एक आइटीआइ के छात्र ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने हजारीबाग पुलिस पर प्रताडना और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। पीडित परिवार ने एसपी को आवेदन सौंपा है। इसमें बताया गया है कि पुलिस प्रताडना से छात्र अपमानित महसूस कर रहा था, इस वजह से उसने सुसाइड कर लिया। मामला बडा बाजार ओपी अंतर्गत खिरगांव रोड सिरका का है। मृतक छात्र की पहचान भोला पासवान (22)



के रूप में हुई है। वह कोडरमा लोकाय आइटीआइ का छात्र था।आत्महत्या से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी छोडा है। परिजनों ने बताया कि 1 मई को घर के सामने एक मोटरसाइकिल खडी थी। उसमें कोई व्यक्ति अपना मोबाइल छोड कर शराब पीने चला गया था। तभी मोटरसाइकिल पर रखी मोबाइल पर भोला की नजर पडी और उसने मोबाइल उठा ली। मोबाइल गोंदलपुरा निवासी अडानी के कर्मचारी अरुण की थी। जब उन्होंने मोबाइल गायब देखी, तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। उन्होंने बगल की दुकान में लगा सीसीटीवी फुटेज चेक किया। इसमें पता चला कि फोन भोला ने उठाया है। उसके बाद उन्होंने बडा बाजार ओपी में छात्र के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। इस शिकायत पर पुलिस ने छात्र को 3 मई की सुबह 6 बजे घर से हिरासत में ले लिया। भोला पासवान ने मोबाइल फोन थाने में जमा कर दिया। इसके बावजूद पुलिस ने उसे शाम 7:30 बजे थाने से छोडा। घर आते ही वह पीछे के दरवाजे से चहारदीवारी फांद कर अपने कमरे में बंद हो गया। 4 मई कीसुबह देखा गया कि उसने कमरे में आत्महत्या कर ली है।

# दो मुखिया सहित कई लोग भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल

**गढ़वा**:दो मुखिया सहित कई लोगों ने भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। गढ़वा के विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने आवास पर इन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई, वहीं कहा कि भाजपा की झूठ एवं फरेब से जनता उब चुकी है। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने को



तैयार है। झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार ने झारखंड में जितने बेहतर काम किये हैं, उतना काम किसी अन्य सरकार ने नहीं किया है। पलामू लोकसभा सीट पर महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां की जीत पक्की है।

झामुमो में शामिल होने वालों में गढ़वा के महुलिया पंचायत के मुखिया वीरेंद्र राम, दुबे मरहटिया पंचायत के मुखिया नितीश तिवारी, हरिओम सिंह, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि राउत, उदय प्रसाद यादव, अभय पासवान, चंदन कुमार, विजय भुईयां, छोटू ठाकुर, हरिओम विश्वकर्मा, हरिनारायण पासी, अमित विश्वकर्मा, सौरभ कुमार सिंह, दीपक ठाकुर, संजय ठाकुर, मुकेश बैठा, सीताराम पासवान, जाटा के मुमताज अंसारी, उडसुगी के ललसु पाल एवं अचला के गुलाम सरवर हैं।

# कार्ल मार्क्स के विचार भी प्रासंगिक: अजय सिंह

**रांची।** सीपीआइ के राज्य कार्यालय के सभागार में रविवार को कार्ल मार्क्स की 206वीं जयंती मनायी गयी। राज्य कार्यकारणी सह रांची जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कार्ल मार्क्स की लिखी और कही बातें सत्य साबित हो रही हैं। पूंजीवादी व्यवस्था आम जनों का खून चूस रही है।



वर्तमान की सरकार 80 फीसदी आबादी की बात न कर चंद पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है। आवश्यक खाद्य और जरूरतमंद चीजें जो प्रतिदिन के इस्तेमाल में आती हैं, जो कभी भी टैक्स के दायरे में नहीं आती थीं, सरकार ने उन सभी चीजों पर टैक्स लगा दिया है। यह पूरी तरह से कॉरपोरेट को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

# भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने की रामटहल चौधरी से मुलाकात

**रांची** ।राज्यसभा सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखण्ड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने राजधानी के ओरमांझी प्रखण्ड स्थित पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता रामटहल चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की. बाजपेई भाजपा नेता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू के साथ ओरमांझी पहुंच और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई यह मुलाकात लगभग



एक घंटे तक चली।इस दौरान वाजपेई और चौधरी ने पुरानी बातों एवं यादों को साझा किया। इस मुलाकात के दौरान भाजपा नेता डॉ. बब्बू और रणधीर चौधरी भी उपस्थित थे।

# वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति से 16 लाख 75 हजार बरामद किए गये, जांच जारी

**जामताड़ा।** चुनाव को लेकर जामताड़ा जिले में उडनदस्ता टीम ने कार्रवाई करते हुये 16 लाख 75 हजार जब्त किया है। जामताड़ा डीसी कुमुद सहाय के निर्देश पर जिले के अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाकों के अलावा अन्य सभी स्थानों में उड़नदस्ता दल (एफएसटी) के माध्यम से 24 घंटे नजर रखी जा रही है। यह पैसे मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र से बरामद हुये हैं।

इसी क्रम में मिहिजाम थाना क्षेत्र के इंदिरा चौक में एफएसटी टीम को



मिली सूचना के आधार एक व्यक्ति से 16 लाख 75 हजार 3 सौ रुपए नकद प्राप्त हुये। जिसे कार्रवाई करते हुये जब्त किया गया एवं आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एक व्यक्ति के पास से इतनी बड़ी रकम बरामद होना संदेह उत्पन्न करता है। मामले की विधिवत्त जांच होने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा कि आखिर किस मद में इतनी बड़ी राशि ले जाई जा रही थी। प्रशासन के द्वारा फिलहाल बरामद हुई राशि किसके पास से मिला है यह उजागर नहीं किया गया है।



चान्हो - यह बच्ची भटक कर चान्हो पहुंच गई है।भाजपा नेत्री सोनी तब्बासुम और सफीक अंसारी ने इस बच्ची को चान्हों थाना को सौप दिया है।उनके अनुसार यह बच्ची कुड्डू कोकर की रहने वाली है। अगर कोई पहचानते हो तो चान्हो थाना से संपर्क कर सकते हैं।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

अलग पहचान



# देश को समृद्ध बनाने के लिए युवा वर्ग बढ़ चढ़कर करें मतदान: गौरव कुमार सुमन, नगर मंत्री



**तालझारी:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तालझारी इकाई के द्वारा लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूकता के लिए पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम रविवार को किया गया। जहां इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंत्री गौरव कुमार सुमन ने किया। वही इसको लेकर नगर मंत्री ने बताया कि लोकसभा चुनाव में युवा, बुजुर्ग, महिला एवं किसान की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो इसके लिए परिषद के सदस्य डोर टू डोर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। वही अपना मतदान उसको करें जो राष्ट्रीय हित समाज हित के लिए कार्य करें जो बहनों और महिलाओं का सम्मान की बात करें। देश में मजबूत सरकार के लिए नूतन मतदाता के साथ साथ सभी मतदाताओं को जागरुक करने का काम विद्यार्थी परिषद करेगी। वही विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गांव गांव एवं शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरुक अभियान चलाएगी। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के नगर सह मंत्री अभिषेक सिद्धार्थ, हरिओम गुप्ता, सन्नी सिंह, सोनजित महलदार, कला संयोजक कंचन कुमारी, नगर कार्यकारिणी सदस्य शिवम कुमार, हीराकांत प्रसाद, पीयूष उपाध्याय, सोनम कुमारी, मोनिका कुमारी, करीना कुमारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लालबथानी चबूतरा टोला में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट मामले में 4 लोग घायल, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज



**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाल बथानी चबूतरा टोला में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई जहां इस मारपीट की घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। उधर गंभीर रूप से सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज जारी है। वही मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित लाल मोहम्मद पिता रईस उद्दीन ने बताया कि उसके घर के बगल से गुजर रहे रास्ते में उसके ही पड़ोस के रहने वाले अब्दुल सकुर, मंसूर हाजी व शमशेर आलम के परिवार के लोगों ने ट्रैक्टर से घर में धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वही इस मामले को लेकर जब उन लोगों से कहा गया तो सभी लोगों ने एकजुट होकर लाठी डंडे सहित अन्य हथियारों से लैस होकर पीड़ित परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। वहीं इस मारपीट मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों ने मुफस्सिल थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल मुफस्सिल पुलिस को दिए गए आवेदन पत्र पर अब तक कोई भी कार्यवाही पुलिस के द्वारा नहीं की गई है जिसको लेकर पीड़ित परिवार में आक्रोश व्यक्त है।

## एसडीपीओ कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने की क्राइम मीटिंग की समीक्षा बैठक



**साहिबगंज:** अनुमंडल कार्यालय में स्थित सदर एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में रविवार को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण गोष्ठी को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। जहां बैठक के दौरान विभिन्न थाना में पिछले माह में दर्ज हुए कांडों की समीक्षा करते हुए उसमें प्रगति लाने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया। वही लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान, वारंटियों की धर पकड़, कुर्की जब्ती सहित विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर बोरियो थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार, महिला थाना प्रभारी दुर्गा कुमारी गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए एबीवीपी चलाएगी मतदाता जागरण अभियान

### नगर भर में प्रत्येक मतादाताधारी को मतदान हेतु जागरूक करेंगे एबीवीपी कार्यकर्ता



**साहिबगंज:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज इकाई नगर में मतदाता जागरण अभियान के निमित्त नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन, चौक बाजार में बैठक हुई। जहां बैठक की अध्यक्षता नगर सह मंत्री अविनाश साह ने किया। उधर बैठक में अभाविप के गतिविधि सेवार्थ विद्यार्थी के बिहार व झारखंड प्रांत संयोजक कुमार दीपांशु और अभाविप झारखंड प्रांत सह छात्रा प्रमुख सुनिधि कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रही। वही बैठक के दौरान मतदाता जागरण अभियान का पोस्टर विमोचन भी किया गया। जहां परिषद के मतदाता जागरण अभियान के पोस्टर में मतदाताओं को जागरुक करते हुए वोट फॉर भारत एवं "सेय नॉट टु नोटा " पर ध्यान आकर्षण किया गया है। वही बैठक को संबोधित करते हुए सेवार्थ विद्यार्थी के बिहार क्षेत्र व झारखंड प्रांत संयोजक ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा चुनी गई सरकार से ही हमारे लोकतंत्र की पहचान है। उधर मतदाताओं की जागरूकता एवं भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगी हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं चुनते बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं। हम अपने वोट से या सुनिश्चित करते हैं कि भारत के भविष्य एवं विकास की गति क्या होगी। प्रत्येक चुनाव में मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी ने भारत के नागरिकों की लोकतंत्र में आस्था को सिद्ध किया है। एबीवीपी के द्वारा इस आम चुनाव में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए मतदाता जागरुकता पोस्टर वितरण, नुक्कड़ नाटक, मतदान का महत्व जैसे विषयों पर चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया जाना है। वही झारखंड प्रांत छात्रा सह प्रमुख सुनिधि कुमारी ने कहा कि सरकार पर सवाल उठने से अच्छा है हम अपने मतों का उपयोग कर निर्णय खुद करें। मत का उपयोग लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है इसलिए आगामी चुनाव में हम सब परिवार वोट डालने जाए एवं सशक्त सरकार के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वही नगर सह मंत्री अविनाश साह ने बताया कि बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान के निमित्त अभियान समिति का गठन, साहिबगंज प्रखंड में आने वाले सभी बूथ, पंचायत एवं गांव स्तर पर मतदाता जागरण अभियान संयोजक के नेतृत्व में समिति विस्तार की योजना बनाई जानी है। जहां छोटी छोटी बैठकों के माध्यम से प्रखंड भर में हर परिवार को मतदान हेतु जागरूक करने की रणनीति के साथ परिषद के कार्यकर्ता लोकसभा में अपनी भूमिका निभाएंगे। "नोटा को न कहे" के संदेश के साथ उपलब्ध उम्मीदवारों में श्रेष्ठ को चुने हेतु परिषद मतदाताओं से अपील करेगी। इस बैठक में नगर कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, नगर कोष मंत्री चंदन कुमार गुप्ता, पीयूष कुमार गुप्ता, आकांक्षा कुमारी, अभिलाष दीप, अनिरुद्ध अनुराग, अमन कुमार, ज्योति कुमार आदि उपस्थित थे।

# नामांकन रैली की तैयारी को लेकर भाजपा ने की बैठक




**साहिबगंज:** राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार ताला मरांडी की आगामी 10 मई को होने वाली नामांकन रैली की तैयारी को लेकर रविवार को भरतिया कॉलोनी स्थित भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक में मुख्यरूप से राजमहल लोकसभा के संयोजक एवं राजमहल विधायक अनंत ओझा शामिल हुए। वही भाजपा प्रत्यासी ताला मरांडी के नामांकन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्त्ताओं एवं नेताओं को जिम्मेदारी दी गई। उधर नामांकन के दिन हजारों की संख्या में बाईक रैली निकाली जाएगी जहां सभी कार्यकर्ता भाजपा चुनाव कार्यालय में सभी एकत्रित होंगे। उसके बाद शहर के के मंदिरों एवं देवालयों में पूजा करते हुए भाजपा प्रत्याशी बाइक रैली के साथ पुलिस लाइन में आयोजित नामांकन सभा मे शामिल होंगे। इसको लेकर राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजमहल लोकसभा में भी इस बार कमल खिलाने के लिए सभी कार्यकर्त्ता पूरे जोश और ऊर्जा के साथ काम मे लग जाए। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 4 जून को तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनना तय हैं साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो चार सौ पार का संकल्प दिया हैं वो भी पूरा होना तय हैं इसके लिए राजमहल लोकसभा में भी कमल खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए हम सभी कार्यकर्त्ताओं को पूरे जोश और ऊर्जा के साथ 1 जून तक काम में लग जाना हैं। वही सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर 4 जून को जब राजमहल लोकसभा का परिणाम आएगा तो निश्चित ही राजमहल लोकसभा में भी कमल खिलेगा। वही राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण तेजी चल रहा हैं। मिर्जाचौकी से फरक्का तक फोरेलन का काम तेजी से चल रहा हैं। हर घर बिजली पहुँचाई गई। हर घर नल योजना के माध्यम से लोगो के घर तक पानी पहुँचाया जा रहा हैं। नमामि गंगे योजना के माध्यम से गंगा किनारे नमामि गंगे घाट का निर्माण कराया गया। साहिबगंज में बंदरगाह का निर्माण हुआ। राजमहल और साहिबगंज में सीवरेज का निर्माण कराया गया ऐसे अनेक योजना के माध्यम से जिले का सम्पूर्ण विकास तेजी हो रहा हैं। आगे उन्होंने कहा की मोदी सरकार गरीबों को मुफ्त राशन दे रही हैं, उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस सिलेंडर दिया गया, जनधन खाता, प्रधनमंत्री आवास योजना, सौभाग्य योजना, आयुष्मान भारत सहित अनेक योजनाएं के माध्यम से लोगों का जीवन में बदलाव आ रहा हैं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय का सपना साकार हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता गणेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, रामानंद साह, श्रीनिवास यादव, कुसुमाकर तिवारी, गरिमा साह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने ऑटो ड्राइवर को मारी टक्कर, रेफर



**बरहेट:** थाना क्षेत्र के बरहेट बोरियो मुख्य सड़क अंतर्गत लोगाय स्थित मुख्य सड़क को पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने ऑटो ड्राइवर को टक्कर मार दी जिससे ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर ऑटो ड्राइवर की पहचान रक्सी गांव निवासी मेघनाथ साहा 36 वर्ष के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो बोरियो से सवारी लेकर बरहेट की ओर आ रहा था, इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने सड़क पार करने के दौरान जोरदार टक्कर मारी, जिससे ऑटो ड्राइवर सड़क किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मौके देखकर अज्ञात वाहन भागने में सफल हो गया। इधर टक्कर लगने से ऑटो ड्राइवर का दाहिना पैर पूरी तरह से टूट गया इसके अलावा माथे में भी गंभीर चोट लगी है। वही ऑटो में सवार लोगों ने घायल ड्राइवर को इलाज के लिए सीएचसी बरहेट लेकर आए जहां डॉ. पंकज कर्मकार ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर बरहेट पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर में जुटी हुई है।

## तालझारी पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान



**तालझारी:** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए रविवार को तालझारी थाना पुलिस के द्वारा नवनिर्मित मिशन स्कूल बिल्डिंग के समीप एंटी क्राइम चेकिंग के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे सभी गाड़ी जैसे मोटरसाइकिल, चार चक्का वाहन एवं तीन चक्का वाहन को पुलिस द्वारा रोक रोक कर कर पूरी तरह डिक्की सहित वाहनों के कागजात की तलाशी ली गई। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव को प्रत्यक्ष व पारदर्शी बनाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। इस मौके पर एसआई कन्हैया प्रसाद साह एवं एएसआई मनसा हजाम उपस्थित थे।

## पानी की भारी किल्लत झेल रहे रामपुर गांव के लोग



**बोरियो:** प्रखंड क्षेत्र के जेटके कुम्हारजोरी पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव में एक ही जगह दो चापाकल होने के बावजूद भी दोनों चापाकल खराब है और इस चिलचिलाती धूप में रामपुर गांव के लोग पानी पीने को लेकर भारी परेशानी झेल रहे हैं। उधर इस मामले को लेकर गांव के बेबस ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग द्वारा जल्द से जल्द चापानल को ठीक किया जाए ताकि इस कड़ी धूप में लोग दूर दराज से पानी लाने के लिए बेबस न हो।

## जिरवाबाड़ी पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने अभियान चलाते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने के बाद रविवार को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इसको लेकर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 61/24 के तहत धारा 376, 326 व 384 दर्ज था। वही आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिला के पांडेश्वर के रहने वाले मो. इगरिस पिता मो. अबरुल्ला के रूप में हुई है।

अलग पहचान



# राम सिंह शांत गुरुजी की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए शिक्षकों को किया सम्मानित

## गुरु का सम्मान और शिक्षाओं के अनुपालन से ही बहुमुखी विकास : अशोक यादव

संवाददाता संजीव शर्मा

बालैनी। गुरु के सम्मान और उनकी शिक्षाओं पर चलकर ही कोई भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के निर्माण में प्रभावी व प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। उक्त विचार आज यहां जनपद के पचास से अधिक शिक्षकों को गुरु गौरव सम्मान से अलंकृत किए जाने के दौरान व्यक्त किए गए। मां शर्मिष्ठा सेवा संस्कार फाउंडेशन द्वारा राम सिंह शांत गुरुजी की स्मृति में बालैनी के सर्वोदय संस्कृत आश्रम में गुरु गौरव पुरुस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जनपद के बडी संख्या में शिक्षकों को सम्मानित किया गया।





रविवार को बालैनी के सर्वोदय संस्कृत आश्रम में मां शर्मिष्ठा सेवा संस्कार फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनपद के 50 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि, शिक्षकों का सम्मान सर्वोच्च सम्मान होता है। कहा कि,शिक्षक ही हमें और आने वाली पीढ़ियों को संवारते हैं, इसलिये शिक्षकों का आत्मविश्वास सदैव ऊंचा रहता है । कहा कि शिक्षा का उन्नयन और नयी पीढ़ी को संस्कार व संस्कृति से युक्त करना ही उनकी फाउंडेशन का मुख्य लक्ष्य है।

कार्यक्रम में आये सभी शिक्षकों ने समारोह के उद्देश्य की जमकर सराहना की। इस अवसर पर राज सिंह यादव, अनुज यादव, सुनील कुमार यादव, नरेंद्र यादव, संजय शर्मा, डॉ ममता रानी, प्रभा यादव, डॉ जयप्रकाश प्रेमदेव, डॉ ईशा शर्मा, वीरपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने किया नामचर्चा में राम गुणगान

**••क्लाथ बैंक के जरिये जरूरतमंदों को किए कपड़े वितरित, हुआ भंडारा**

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में रविवार को हुई नामचर्चा में सेवादारों ने गुरु भक्ति के भजनों की प्रस्तुति से सबको भक्ति रस से सरोबार कर राम नाम का गुणगान किया।



नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम में सेवादारों ने गुरु भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान राम नाम का गुणगान किया गया तथा युवाओं को सभी तरह के नशे छोड़ने का संकल्प कराया गया। डेरा सच्चा सौदा की ओर से किए जा रहे 162 मानवता भलाई के कार्यों में शामिल क्लाथ बैंक मुहिम के तहत 76 जरूरतमंद बच्चों को सेवादारों ने कपड़े वितरित किए तथा इसके बाद सत्संग पांडाल में लगाई गई एलईडी स्क्रीनों पर डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह के रिकार्डिड व्याख्यान भी श्रद्धालुओं को सुनवाए गए।

इस अवसर पर हुए भंडारे में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड आदि प्रांतों से आए हजारों अनुयायियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# खाना खाने के दौरान छींटाकशी हुई गुस्से में तब्दील दुल्हा हुआ फरार, बारातियों को किया बंधक

**••बडे बुजुर्गों की मेहनत रंग लाई, हुआ समझौता , की गई वैवाहिक रस्में व विदाई**

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बडौत।** खाने को लेकर हुई छींटाकशी के बाद दूल्हे पर लगा दहेज का आरोप। मामले को गंभीर होता देख दूल्हा हुआ विवाह मंडप से फरार।कन्या पक्ष ने दूल्हे पक्ष के लोगों को बनाया बंधक।बाद में बड़े बुजुर्गों की सूझबूझ से मामला सुलझा लिया गया।

नगर में एक विवाह मंडप में एक गांव से शनिवार की रात एक बारात आई थी ,जिसमें किसी मामले को लेकर दूल्हा पक्ष एवं दुल्हन पक्ष के बीच खाना खाने के दौरान महिलाओं में कहासुनी हो गई । इस दौरान दूल्हा भी महिलाओं के बीच बैठा हुआ था, तभी महिलाओं ने दूल्हे पर आरोप जड दिया कि ,दूल्हा दहेज में 10 लाख रुपए व एक गाड़ी मांग रहा है। इस बात का पता दुल्हन पक्ष को लगा ,तो वहां पर हंगामा खड़ा हो गया। मामले की गंभीरता व लोगों का गुस्सा बढता देख दूल्हा बारात से अपने दोस्तों के साथ फरार हो गया।वहीं घटना को लेकर बडी देर तक हंगामा होता रहा। तब कहीं समाज के वरिष्ठ लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया और शादी की रस्में पूरी कराकर दुल्हन को विदा कराया।

उक्त वाकये शनिवार की रात, नगर के एक मैरिज होम में हुआ है। इस दौरान विवाह मंडप के अंदर बरातियों में मारपीट भी हुई।मामला यहां तक पहुंच गया था कि ,लड़की पक्ष के लोगों ने बारात को बंधक तक बना लिया।समझौता और दुल्हन की विदाई के बाद उक्त मामले में दूल्हा व दुल्हन पक्ष की तरफ से कोई तहरीर कोतवाली में नहीं दी गई , लेकिन यह घटना दिन भर लोगों में चर्चा का विषय बनी रही।

# भगवान् के मस्तकाभिषेक में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## ••वाणी का विलास नहीं, जीवन का निचौड है धर्म :आ अंशुल शास्त्री

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** बरनावा के श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर में रविवार को भगवान का मस्तकाभिषेक धूमधाम के साथ भक्तिभाव पूर्वक किया गया ,जिसमें आसपास के जनपदों सहित कई प्रांतों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मस्ताभिषेक सर्वप्रथम सौभाग्य विवेक जैन, विकास जैन, अमित जैन के परिवार को मिला। इसके उपरांत मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं ने क्रमवार भगवान का महाभिषेक किया।इस दौरान कार्यक्रम में चमत्कारी दिव्य शांतिमंत्रों के साथ भगवान के मस्तक पर विश्वशांति की कामना के साथ शांतिधारा की गई।अमित जैन ने भगवान का मार्जन किया। मार्जन के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान की भक्ति की।



विधानाचार्य पं अंशुल जैन शास्त्री ने धर्म सभा में कहा कि, धर्म अभिव्यक्ति नहीं अनुभूति है,धर्म वाणी का विलास नहीं, जीवन का निचोड़ है। धर्म अहिंसा संयम तप है। धर्महीन जीवन बकरी के गले में लगे धन के समान अकार्यकारी है। धर्म आत्मा का जागरण है, तो परमात्मा मार्ग का प्रकाश है। जैसे कोयल और कौवे में एक रंगरुपता होने के उपरांत भी अभिव्यक्ति दोनों की एक नहीं है, हंस और बगुला में भी रंग की एकरूपता है, किंतु दोनों में जमीन-आसमान का अंतर है। एक के अंदर छल कपट माया की कलुषता है। दूसरे के अंदर शांत परिणाम तथा नीर क्षीर को पृथक पृथक करने की सामर्थ्य है। उस धर्म का जागरण होना चाहिए ,जो तुम्हें परमहंस बना दे।

आयोजन में क्षेत्र अध्यक्ष जीवंधर जैन, महामंत्री पंकज जैन, पवन जैन, भागचंद जैन, संदीप जैन, हंस कुमार जैन, विनेश जैन,प्रवीण जैन,सतेंद्र जैन अशोक जैन, ललित शास्त्री, नेहा जैन आदि मौजूद रहे।

# स्वामी वैष्णव बैरागी समाज के एकता सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन, अध्यक्ष बने मा भोपाल स्वामी

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।नगर** के होटल में आयोजित भारतवर्षीय स्वामी, वैष्णव, बैरागी समाज द्वारा एकता सम्मेलन में किया गया राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन ।नव नियुक्त कार्यकारिणी को पगडी बाँधकर संगठन के प्रति समर्पित रहने की शपथ भी दिलायी गयी।





बिजरौल रोड़ स्थित टाऊन क्रश में भारतवर्षीय स्वामी, वैष्णव, बैरागी समाज द्वारा आयोजित एकता सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए संरक्षक के रूप में रामेश्वर दयाल व चरणसिंह स्वामी, अध्यक्ष पद पर मा भोपाल स्वामी, उपाध्यक्ष केपी स्वामी, महासचिव जितेन्द्र कुमार बली, संगठन मंत्री बिजेन्द्र दीक्षित सहारनपुर, कोषाध्यक्ष सचिन स्वामी, विधिक सलाहकार रविकुमार एडवोकेट, सदस्य सोनू स्वामी, प्रदीप, सचिन को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है।

इस अवसर पर भारतवर्षीय स्वामी, वैष्णव, बैरागी समाज की नव नियुक्त कार्यकारिणी को फूल-माला पहनाकर व पगडी बाँधकर सम्मानित किया गया तथा समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय द्वारा नव नियुक्त कार्यकारिणी को समाज व संगठन के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलायी गयी। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी रविकुमार कुमार एडवोकेट ने कहा कि, भारतवर्षीय स्वामी, वैष्णव, बैरागी समाज राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए वैष्णव समाज के उत्थान व युवाओं के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगा।

नवनियुक्तअध्यक्ष मा भोपाल स्वामी ने कहा ,वैष्णव समाज द्वारा संगठन की जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव के साथ निर्वाह होगा। समाज में युवाओं महिलाओं की भागीदारी निश्चित की जाएगी।इस मौके पर ओमपाल स्वामी, सेवा राम स्वामी विपिन प्रधान, कुमारी रूद्राक्षी, रामनारायण आदि ने एकता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता रामेश्वर दयाल स्वामी और संचालन रविकुमार एडवोकेट ने किया।इस अवसर पर पर मुख्य रूप से सत्य प्रकाश, सुभाष, जितेन्द्र कुमार बली, सुधीर स्वामी, डॉक्टर भजनलाल, सोनू, अरूण प्रधान, नितिन, नीरज, कवरपाल आदि उपस्थित रहे।

# ईंट भट्टे की दीवार गिरने से मलबे में दबकर युवक की मौत, परिजनों में मातम



**संवाददाता मो जावेद**


**छपरौली** । थाना क्षेत्र के गांव हलालपुर में रविवार दोपहर एक व्यक्ति के ऊपर गिरी भट्ठे की दीवार। अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत।

ग्राम मुकंदपुर निवासी मौसम पुत्र दिलावर उम्र 35 वर्ष की ईंट भट्ठे पर अचानक दीवार गिरने से मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत ईट भट्टे पर पहुंचे ,वहां से तुरंत मौसम को छपरौली सीएचसी पर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक मौसम के 6 बच्चे हैं ,जिसमें पांच लड़की व 3 वर्ष का छोटा बेटा है।परिजनों ने पुलिस को अवगत कराया तथा बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।थानाध्यक्ष छपरौली ने बताया कि,अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है !

# बढता तापमान और प्रदूषण से बचाव का एकमात्र उपाय पौधारोपण : अनिता

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**छपरौली।** पौधा लगाओ पेड़ बनाओ पर्यावरण को शुद्ध बनाओ तथा पेड़ों की छांव में बैठकर खुशहाल जीवन अपनाओ का संदेश देते हुए समाज सेविका अनिता कौशिक ने कहा कि, महिलाओं को भी जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधा अवश्य लगाना चाहिए ,बड़ा होकर वही पौधा पेड़ बनकर हमें शुद्ध वातावरण देने का काम करेगा ।



जागोस गांव में एक कार्यक्रम के दौरान समाजसेविका अनिता कौशिक ने कहा कि,अगर आज हम खुले में बैठे हुए सांस ले रहे हैं ,तो यह हमारे पेड़ पौधों की देन है ,इसीलिए हम सभी को मिलकर अपने जीवन में अपनी यादगार को ताजा रखने के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए । सुबह की ताजी हवा व पर्यावरण के शुद्धिकरण के लिए हमें पेड़ों की आवश्यकता है तथा बढ़ते गर्मी के तापमान को देखते हुए हमें पौधा लगाकर उसकी देखभाल पुत्रवत् करनी होगी।

# एंबुलेंस चालक ने बाइक में मारी टक्कर , तीन घायल, लगा जाम

**संवाददाता सीआर यादव**

**अमींनगर** सराय।मेरठ-बागपत मार्ग पर एम्बुलेंस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल। घटनास्थल पर लगा जाम।



मेरठ -बागपत हाईवे पर सराय मोड़ पर सड़क पार कर रहे बाइक सवार को प्राइवेट एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर सवार तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा।बताया कि,दत्तनगर निवासी रोहित अपनी मां राजवती व बहन मोनी को कस्बा सराय से लेकर अपने गांव जा रहा था। जैसे ही रोहित ने सराय मोड़ चौराहे पार करना चाहा , वैसे ही मेरठ की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट एम्बुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों घायल हो दूर जा पड़े। दुर्घटना देख आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पिलाना सीएचसी भेजा। दुर्घटना की वजह से लगे जाम हटवाने के लिए दुकानदारों ने एम्बुलेंस को सड़क से हटवाया।

# पडोस की महिलाओं ने किया हमला, कुंडल भी खींच ले गये, घायल के उपचार को भेजा अस्पताल

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** कस्बे की नाला पार धोबियान बस्ती में एक महिला पर उसके घर में घुसकर हमला बोला गया। हमलावर उसके कान के कुंडल भी खींच ले गए, जिससे उसके कान भी घायल हो गए। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई।



कस्बे की नाला पार धोबियान बस्ती में शमशाद का परिवार रहता है। शनिवार की सुबह परिवार के सभी लोग काम पर चले गए। घर में अकेले उसकी पुत्रवधु गुलसाना रह गई। तभी पडोसी परिवार की महिलाएं लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुसी और उस पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान उन्होंने उसके कान से सोने के कुंडल भी खींच लिए ,जिससे उसके कान भी घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी राजबीर सिंह का कहना है कि ,मामला नाली विवाद का है। घटना की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। घायल महिला को उपचार दिलवाने के साथ चोटों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। हमलावरों को गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कस्बावासियों को छह घंटे की बिजली कटौती ने रुलाया , ट्रांसफार्मर बदलने के कारण हुई असुविधा

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** कस्बे में रविवार को दोपहर से शाम तक गुल रही बिजली के कारण कस्बावासी झुलसा देने वाली गर्मी में उबलते रहे। पेयजल के लिए तरसते रहे बच्चे, जबकि वृद्धजन तो गर्मी से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहे, फिर भी गर्मी से उनका बुरा हाल बना रहा।

रविवार को सूर्य की तपन झुलसा देने वाली रही तथा पारा 40 के पार पहुंचने के साथ में तेज लू भी चली। शरीर को झुलसा देने वाली इस गर्मी से बचने के लिए कस्बावासी बिजली पंखे, कूलर और एसी के भरोसे रहे, लेकिन कस्बे में दोपहर 12 बजे बिजली आपूर्ति एकाएक ठप्प हो गई, जो मुख्य बाजार सहित आधे कस्बे में शाम छह बजे तक ठप्प रही।



करीब छह घंटे ठप्प रही बिजली के कारण कस्बावासी झुलसा देने वाली गर्मी और लू से उबलते रहे। पेयजल सप्लाई न मिलने के कारण वे पेयजल के लिए भी तरसते रहे। बच्चे और बूढे तो गर्मी से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहे, फिर भी उनका गर्मी से बुरा हाल बना रहा। ठप्प बिजली से उद्योग धंधे और व्यापार प्रतिष्ठान प्रभावित बने रहे।

विभागीय जेई चन्द्रप्रकाश् ने बताया कि ,मुख्य बाजार, रेलवे रोड और मोहल्ला रामपुर आदि क्षेत्र को बिजली सप्लाई करने वाले ट्रांसफार्मर ओवरलोड बने हुए थे। उनका लोड घटाने के लिए 250 केवीए का एक और ट्रांसफार्मर लगाया गया है। उसके लिए बिजली खम्भो का जोडा खडा कराया गया है। इसलिए बिजली आपूर्ति ठप्प रही।

# जनपद के 18 सरकारी खरीद केन्द्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष मात्र तीन प्रतिशत आया गेहूं

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** गेहूं खरीद केन्द्रों को खुले एक माह से अधिक समय होने के बाद भी लक्ष्य के सापेक्ष्य 3 प्रतिशत ही गेहूं की खरीद हो पाई है। इस समय जनपद के 18 केन्द्र किसानों की बाट जोह रहे हैं , जबकि किसान प्राइवेट मिलों पर जा रहे हैं।वहीं सरकारी केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है।



बता दें कि, जनपद बागपत में एक अप्रैल से 18 गेहूं खरीद केन्द्र खोले गए हैं। इन पर प्रत्येक में करीब 10 हजार किवंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। भाव भी 2275 रूपये घोषित हुआ, लेकिन पूरा अप्रैल माह बीत जाने के बाद भी मात्र छह हजार दो सौ तीस क्विंटल गेहूं ही खरीदा जा सका , जो एक लाख 60 हजार किवंटल के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र तीन प्रतिशत ही है। किसान सरकारी सस्थानों से विमुख होकर प्राइवेट आटा मिल या आढती को गेहूं दे रहे हैं , जिससे सरकारी तंत्र पिछडता जा रहा है। सरकारी रेट 2275, वहीं आटा मिल उन्हें 2300 रुपये दे रहा है। पता यह भी चला है कि, किसान सरकारी तंत्र से खुश नही हैं। अधिक भाव, नगद पेमेंट और अन्य सुविधाओं के चलते किसान सरकारी केन्द्रों के बजाए प्राइवेट मिल को गेहूं दे रहे है। किसानों का कहना है कि ,सरकारी केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन, फरद, खाता नम्बर आदि औपचारिकताएं और फिर आनलाइन पेमेंट का इंतजार करना पडता है। वहीं प्राइवेट मिल संचालक 25 रुपये प्रति कुंतल अधिक की खरीद के साथ में पेमेंट भी नकद दे रहे है।

**क्या बोले विपणन अधिकारी**

विपणन अधिकारी अरुण टेग ने बताया कि सभी केन्द्रों पर किसानों के लिए शीतल जल, छाया के लिए टेंट आदि व्यवस्थाएं की गई है। एक माह बीत जाने पर भी लक्ष्य के सापेक्ष मात्र तीन प्रतिशत ही गेहूं आया है। किसानों से वार्ता की जा रही है।जल्द ही गेहूं की खरीद बढेगी। किस केन्द्र पर कितने किवंटल आया गेहूं

खेकडा ब्लाक के रटौल में 21 सिंघौली तगा- 197,लहचौडा- 24 फिरोजपुर- 0.2 मुबारिकपुर- 1411

क्रय विक्रय खेकडा- 153

एफसीएस खेकडा- 172 तथा पिलाना ब्लाक के मुकारी में 800 बालैनी में 121खट्टा प्रह्लादपुर में 52 कुंतल खरीद हो सकी है। वहीं बागपत ब्लाक के टटीरी में 312 ,सरूरपुर कलां 722

एफसीएस बागपत 122 ,एफसीआई बागपत 604 कुंतल के साथ ही बडौत ब्लाक के एफसीएस बडौत 358

एफसीआई बडौत-894 तथा बिनौली ब्लाक के दाहा में 65 कुंतल गेहूं खरीद हुई। छपरौली ब्लाक के कुरडी नांगल में 197 कुंतल की खरीद के साथ ही कुल 6230 किवंटल गेहूं खरीद हो सकी है।

# निशुल्क ओर्थो कैम्प का आयोजन, मरीजों की उमड़ी भीड़

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** नगर के श्री जैन स्थानक महावीर मार्ग पर स्थित जैन केयर क्लिनिक के सौजन्य से मैक्स हॉस्पिटल, पटपड गंज दिल्ली के सहयोग से, एक फ्री मेगा ऑर्थो, जॉइंटस एंड स्पाइन कैंप लगाया गया। कैंप में 450 से भी ज्यादा लोगों ने निशुल्क हड्डियो की जांच करवाकर लाभ लिया।





कैंप में काफी लोगों ने कमर दर्द, घुटने का दर्द, रीड की हड्डी में ट्यूमर जैसी समस्या की जाँच करवाकर कैंप का भरपूर लाभ उठाया। मैक्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर संयम जैन ,डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ भूपेंद्र प्रताप भारती ,डॉ राहुल प्रभाकर आदि ने शिविर मे अपनी सेवाओं का लाभ दिया। शिविर मे श्री एसएस जैन समाज मंडी के अध्यक्ष शिखर चंद जैन, वीरेंद्र जैन, प्रवीण जैन, आशु जैन, विनय गुप्ता , सुशील जैन, शिवम जैन एवं श्रीमती पूनम जैन, श्रीमती इंदु जैन,एवं शहर समाज के अध्यक्ष घसीटू मल जैन का पूरा सहयोग रहा।

कैंप के संचालक अनिल कुमार जैन उपाध्यक्ष मंडी जैन स्थानक और उनकी टीम ने बहुत अच्छे से कैम्प का संचालन किया और लोगों को फ्री में मेडिकल सेवाएं दीं।